**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1442**

**जिसका उत्तर 15 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है।**

.....

**पश्चिम बंगाल में बाढ़ प्रबंधन और कटाव नियंत्रण कार्यक्रम**

**1442. श्री दिलीप घोष:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य में कार्यान्वित किए जा रहे बाढ़ प्रबंधन और कटाव नियंत्रण कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पश्चिम बंगाल में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रत्येक कार्यक्रम के लिए आवंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष, परियोजना और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टूडु)**

**(क) और (ख):** कटाव नियंत्रण सहित बाढ़ प्रबंधन राज्यों के कार्यक्षेत्र में आता है और तदनुसार, बाढ़ प्रबंधन और कटाव रोधी योजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी प्राथमिकता के अनुसार बनाई और कार्यान्वित की जाती हैं, जो बाद में वर्ष 2017-18 से 2020-21 की अवधि के लिए "बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम" (एफएमबीएपी) के एक घटक के रूप में जारी रहा। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बाढ़ के प्रबंधन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में सहयोग करती है। बाढ़ प्रबंधन के संरचनात्मक उपायों को मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने ग्यारहवीं और बारहवीं योजना के दौरान बाढ़ नियंत्रण, कटाव-रोधी, जल निकासी विकास, समुद्री-क्षरण आदि से संबंधित कार्यों के लिए राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के लिए बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) लागू किया था, जो बाद में वर्ष 2017-18 से 2020-21 की अवधि के लिए "बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम" (एफएमबीएपी) के एक घटक के रूप में जारी रहा और आगे सीमित परिव्यय के साथ सितंबर 2022 तक बढ़ाया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) के तहत केंद्रीय सहायता के लिए पश्चिम बंगाल राज्य से 18 परियोजनाओं को शामिल किया गया था। पूर्ण परियोजनाओं ने लगभग 0.937 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान की है और लगभग 23.5 लाख की आबादी की रक्षा की है। "बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम" (एफएमबीएपी) के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) घटक के तहत पश्चिम बंगाल राज्य को अब तक 1051.96 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। पश्चिम बंगाल राज्य में बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) के तहत जारी तीन परियोजनाओं, जारी की गई केंद्रीय सहायता आदि का विवरण **अनुलग्नक-।** में दिया गया है।

******

**अनुलग्नक-I**

**"बाढ़ प्रबंधन क्षरण नियंत्रण कार्यक्रम" के संबंध में 15.12.2022 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1442 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | जारी की गई केन्द्रीय सहायता (करोड रुपये में) | |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में सुंदरबन और आस-पास के क्षेत्रों में गंभीर चक्रवात, "एआईला" से क्षतिग्रस्त तटबंधों का पुनर्निर्माण, पुनप्रतिरूपण और सुधार, **(प.ब.-16)** | मार्च, 2016 तक | 525.75 |
| | | वित्तीय वर्ष 2018-19 | 23.65 |
| | | वित्तीय वर्ष 2019-20 | 117.12 |
| 2 | जिला मदिनीपुर (पश्चिम बंगाल) में कालियाघई-कपालेश्वरी-बघई बेसिन के लिए जल निकासी योजना। **(प.ब.-17)** | मार्च, 2016 तक | 162.19 |
| | | वित्तीय वर्ष 2017-18 | 8.09 |
| 3. | मुर्शिदाबाद जिले के कंडी और अन्य आस-पास के क्षेत्रों में तटबंध और सहायक कार्यों में सुधार। **(प.ब.-18)** | मार्च, 2016 तक | 12.38 |
| | | वित्तीय वर्ष 2016-17 | 12.61 |
| | | वित्तीय वर्ष 2017-18 | 56.94 |
| | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | 44.15 |

******